# SAN MATEO काउंटी
# CALIFORNIA मतदाता पसंद अधनियिम
## जनवरी 2020 - जनवरी 2024 के लिए अनुपूरक
# चुनाव प्रशासनकि योजना
## 3 नवम्बर 2020 के आम चुनाव के लिए





मार्क चर्च का कार्यालय

**मुख्य चुनाव अधकिारी और मूल्यांकनकर्ता-काउंटी क्लर्क-रकॉर्डर**

पंजीकरण एवं चुनाव प्रभाग

40 Tower Road, San Mateo, CA 94402

**फोन** 650.312.5222 **फैक्स** 650.312.5348

**ईमेल** registrar@smcacre.org **वेब www.smcvote.org**

@smcvote

This page intentionally left blank

# विषय-सूची

**मुख्य चुनाव अधिकारी (Chief Executive Officer) की ओर से संदेश** ........ 1

**चुनाव बदलावों की समीक्षा** ........ 2

**सुरक्षित मतदान विकल्प** ........ 3

*मतदान केंद्र* ........ 3

*डाक द्वारा मतदान (Vote by Mail)* ........ 3

*मतपत्र को प्रिंट करना* ........ 3

*मतपतर को डाक से भेजना* ........ 4

*प्रतिस्थापन मतपत्र* ........ 4

*डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान प्रणाली* ........ 4

*मतपत्र ड्रॉप बॉक्स* ........ 4

*कर्बसाइड ड्रॉप-ऑफ और ड्राइव-थ्रू वोटिंग* ........ 4

*मतपत्र की गणना* ........ 5

**मतदाता शिक्षा एवं आउटरीच** ........ 6

*मतदाता कार्यशालाएँ* ........ 6

*मतदाताओं तक पहुंचने के लिए टेक्स्ट मैसेज* ........ 6

*औसत पंजीकरण से कम वाले पोस्टकार्ड लक्षित क्षेत्र* ........ 6

**चुनाव प्रशासनिक योजना 2020 – 2024 परिशिष्ट में किये गये बदलावों का सार** ........ 7

*प्रस्तावित मतदान केंद्र स्थितियाँ* ........ 7

*मतपत्र ड्रॉप बॉक्स के स्थान* ........ 7

*मतदान केंद्र का लेआउट* ........ 7

*सामुदायिक भागीदार* ........ 7

*सामूहिक कार्यक्रमों का कैलेंडर* ........ 7

*मीडिया पार्टनर* ........ 7

*उदाहरण: प्रत्यक्ष मतदाता संपर्क* ........ 7

**सार्वजनिक टिप्पणियाँ** ........ 8

**पंजीकरण और चुनाव प्रभाग उत्तर** ........ 9

This page intentionally left blank

OFFICE OF
**ASSESSOR-COUNTY CLERK-RECORDER & ELECTIONS**
COUNTY OF SAN MATEO

**MARK CHURCH**
CHIEF ELECTIONS OFFICER &
ASSESSOR-COUNTY CLERK-RECORDER

नवंबर 1, 2020

प्रिय साथी मतदाताओं,

जनवरी 2020 से जनवरी 2024 तक की अवधि के लिए San Mateo काउंटी की चुनाव प्रशासन योजना (EAP) के अनुपूरक में 3 नवम्बर 2020 को होने वाले राष्ट्रपति पद के आम चुनावों के लिए विशिष्ट योजनाएं शामिल हैं। हमारी EAP में हुए बदलावों से निपटने के लिए एक अनुपूरक की आवश्यकता थी, जो विश्वव्यापी महामारी के दौरान चुनाव करवाने की असामान्य और अभूतपूर्व परिस्थितियों के कारण आवश्यक है। 5 नवम्बर, 1918 के मध्यावधि चुनावों के बिल्कुल विपरीत, जबकि स्पैनिश फ्लू की दूसरी लहर के कारण राष्ट्रीय रूप से मतदान की संख्या पिछली मध्यावधि चुनावों के मुकाबले कम थी, इस बार के चुनाव में COVID-19 महामारी के बावजूद हम स्थानीय रूप से रिकॉर्ड मतदान की उम्मीद करते हैं। अगले पृष्ठ आपको विधान और राज्य के मार्गदर्शन की ओर निर्देशित करेंगे जो हम नवंबर चुनाव के लिए करेंगे।

**यदि आप एक संदेश अपनाएं तो, इसे इस रूप में लें कि San Mateo काउंटी के मतदाता के पास वे चुनावी सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिनकी उम्मीद वे एक सुरक्षित, भरोसेमंद और सुविधाजनक तरीके से मतदान करने के लिए करते हैं।**

San Mateo काउंटी राज्य की उन काउंटियों में से पहली थी जिसने California मतदाता पसंद अधिनियम (California Voter's Choice Act) के तहत, 2018 में डाक द्वारा मतदान (VBM) चुनाव का कार्यान्वयन किया था और मतदाता पसंद अधिनियम के तहत यह हमारा पांचवां चुनाव होगा। सभी पंजीकृत मतदाताओं को स्वतः "मैंने मतदान किया" स्टिकर एवं डाक शुल्क अदा किए हुए वापसी लिफाफे के साथ वीबीएम (VBM) मतपत्र भेजना हमारी मानक प्रक्रिया है। प्रत्येक मतदाता को अपने घर में रहने की सुविधा और सुरक्षा के साथ मतदान करने के लिए मतपत्र पर चुनाव करने का अवसर दिया जाता है, जो ख़ासतौर से COVID-19 के इस माहौल में महत्वपूर्ण है।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से मतदान करना पसंद करते हैं, तो 45 मतदान केंद्र उपलब्ध है। तीन मतदान केंद्र 5 अक्तूबर को प्रारंभिक वोटिंग के लिए खुलेंगे। मतदाताओं और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए तमाम किस्म की सुरक्षा सावधानियाँ बरती जाएंगी। हम कर्मचारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों प्रदान करेंगे और मतदाताओं के बीच विविध संपर्कों को कम करने के लिए मतदाताओं को डिस्पोजेबल वस्तुएँ प्रदान करेंगे। सामान्य रूप से साझी वस्तुओं और सतहों, जैसे कि मतपत्र मार्किंग टैब्लेट्स और मतदान बूथों की मतदाताओं के इस्तेमाल के बाद सफाई की जाएगी। यह नये रूटीन की वजह से चुनाव वाले दिन मतदाताओं को अधिक समय तक इंतजार करना पड़ सकता है।

ज्यादातर मतदाताओं के लिए नया विकल्प हमारी डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (RAVBM) प्रणाली के जरिए अपने मतपत्र पर वोट डालने की क्षमता है। डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (RAVBM) मतदाताओं को इंटरनेट और प्रिंटर की सुविधा युक्त किसी कंप्यूटर का इस्तेमाल कर अपने चयनों को चिह्नित करने और अपने मतपत्रों को प्रिंट करने की सुविधा प्रदान करता है। San Mateo काउंटी राज्य की पहली काउंटी है, जिसने 2017 में 'डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान' प्रणाली को अपनाया था। इसका विकास विकलांग मतदाताओं और विदेशों में रहने वाले और सेना में काम करने वाले मतदाताओं की सहायता के लिए किया गया था। RAVBM) प्रणाली तक कैसे पहुंच प्राप्त की जाए, इसके बारे में जानकारी हमारी वेबसाइट www.smcvote.org पर उपलब्ध है, और यह आपके नमूना मतपत्र और मतदाता सूचना पैम्फलेट और आपके आधिकारिक मतपत्र पैकेट में भी उपलब्ध होगी।

चाहे आप किसी भी मतदान विधि का चयन करते हैं, मैं आपको मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं और इस बात के लिए भी प्रोत्साहित करता हूं कि आप जल्दी मतदान करें।

निष्ठापूर्वक,

मार्क चर्च (Mark Church)

**चुनाव बदलावों की समीक्षा**

San Mateo काउंटी पंजीकरण और चुनाव प्रभाग 3 नवम्बर 2020 को होने वाले राष्ट्रपति पद के आम चुनावों के लिए निर्धारित कैलिफ़ोर्निया चुनाव संहिता में असेम्बली बिल 860 और सीनेट बिल 423 के प्रावधानों के तहत बदलाव करेगा। हम राज्य सचिव द्वारा COVID-19 के अंतर्गत चुनाव प्रशासन दिशा-निर्देश (8/27/2020 को संशोधित), दिशा-निर्देश में किये गये किसी अतिरिक्त संशोधनों का भी पालन करेंगे, और राज्य और काउंटी सार्वजनिक स्वास्थ्य आदेशों के अनुरूप मतदाताओं और कर्मचारियों को सुरक्षित रखने के लिए निर्धारित हमारे मतदान केंद्रों पर स्वास्थ्य और सुरक्षा पद्धतियों का कार्यान्वयन करेंगे।

सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र को एक स्वास्थ्य राजदूत/ग्रीटर प्रदान किया जाएगा, जो मतदाताओं से फेस मास्क पहनने को कहेगा/गी, सुरक्षात्मक पद्धतियों से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देगा/गी और शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए मतदाताओं को मार्कर का पालन करने का याद दिलाएगा/गी। विकलांग शिष्टाचार में प्रशिक्षित व्यक्ति (ग्रीटर्स) हर मतदाता लाइन में घूमेंगे, यह पूछेंगे कि क्या कोई प्रश्न है या किसी प्रकार की सहायता चाहते हैं। एक बार मतदान केंद्र के अंदर, शारीरिक दूरी बनाए रखने की आवश्यकता के बिना वाले मतदाताओं की सहायता करने के लिए कर्मचारियों के चेक-इन टेबलों पर प्लेक्सीग्लास (plexiglass) की ढाल लगी होगी।

असेम्बली बिल 860 के अंतर्गत San Mateo काउंटी के लिए नया:

- डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (RAVBM) प्रणाली तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करना।[1]
- चुनाव दिवस पर डाक द्वारा मतपत्र प्राप्त करने की समय-सीमा को बढ़ाकर चुनाव दिवस के बाद 17वां दिन करना।[2]
- डाक द्वारा मतदान मतपत्रों का संसाधन मतदान दिवस से 29 दिन पहले शुरू हो जाएगा।[3]

असेंबली बिल 860 के अनुसार काउंटियों को मतदाताओं को डाक द्वारा मतदान मतपत्रों के लिए एक बैलेट ट्रैकिंग सिस्टम प्रदान करने की आवश्यकता होती है। San Mateo काउंटी के मतदाता हमारी वेबसाइट www.smcvote.org के जरिए मेरी चुनाव जानकारी विकल्प पर जाकर आगे भी इस बात की पुष्टि करते रहेंगे कि कब उनके मतपत्रों को प्राप्त किया गया और कब उनकी गणना की गई। मतदाता डाक द्वारा मतदान वाले मतपत्रों की निगरानी प्रणाली मेरा मतपत्र कहाँ है? के लिए भी साइन-अप कर सकते हैं, जो राज्य सचिव द्वारा प्रदान किया जाता है।

भले ही सीनेट बिल 423 काउंटियों को 3 नवम्बर 2020 के राष्ट्रव्यापी आम चुनाव से 3 दिन पहले से अपने मतदान केंद्रों को न खोलने का अधिकार देता है, San Mateo काउंटी चुनाव से 29 दिन पहले तीन मतदान केंद्र को खोलने की अपनी परंपरा को जारी रखेगी।

मई 2020 को, राज्य सचिव के कार्यालय ने चुनाव संहिता (EC) 14201, भाषा अल्पसंख्यक विवेचनाओं के तहत राज्य द्वारा निर्धारित भाषाओं को शामिल किया है। उनमें से तीन भाषाओं को San Mateo काउंटी की आवश्यक भाषाओं में जोड़ा गया है, जो इस प्रकार हैं: बर्मीज़, हिंदी और जापानी। San Mateo काउंटी इन भाषाओं में प्रतिकृति मतपत्र प्रदान करेगी और प्रदर्शित करेगा और उनके बारे में जानकारी देगी और उनका प्रसार करेगी।

और भी अधिक मतदान विकल्प प्रदान करने के लिए, पंजीकरण और चुनाव प्रभाग ने एक मोबाइल मतदान केंद्र जोड़ा है, जो कि एक अस्थायी इमारत है जिसे ट्रक द्वारा स्थानांतरित किया जा सकता है। अनुसूची में दो बड़े स्थानीय शॉपिंग सेंटर, एक छोटा हवाई अड्डा और कोस्टसाइड पर हाई स्कूल के साथ-साथ एक प्रतिष्ठित स्थल, काउ पैलेस का पार्किंग स्थल भी शामिल हैं। कैलिफोर्निया के मतदाता विकल्प अधिनियम में निर्धारित 14 मानदंडों[4] और केंद्र से एक समावेशी लोकतंत्र सुरक्षा उपकरण की सिफ़ारिशों के आधार पर स्थान चुने गए थे।

---

[1] RAVBM प्रणाली का निर्माण विकलांग मतदाताओं, विदेशों में रहने वाले मतदाताओं या सेना तथा/या सैन्य परिवार सदस्यों के लिए किया गया था।

[2] मौजूदा कानून के तहत, चुनाव दिवस तक डाक की मोहर लगे हुए मतपत्र की प्राप्ति के लिए समय सीमा चुनाव के दिन के तीन दिन बाद तक की है।

[3] वर्तमान कानून के तहत, काउंटियाँ डाक द्वारा मतदान वाले मतपत्रों का संसाधन किसी चुनाव के 10 व्यवसाय दिवस पहले आरंभ कर सकती हैं। नतीजे तब तक जारी नहीं किए जाएंगे, जब तक कि चुनाव रात्रि पर सभी मतदान समाप्त न हो जाए।

[4] मानदंड में इनसे निकटता शामिल है: सार्वजनिक पारगमन के साधन, ऐतिहासिक रूप से डाक द्वारा मतदान का कम उपयोग करने वाले समुदाय, जनसंख्या केंद्र, भाषा अल्पसंख्यक समुदाय, विकलांग मतदाता, वाहन स्वामित्व की कम दर वाले समुदाय, कम आमदनी वाले समुदाय, पात्र मतदाताओं वाले समुदाय जो पंजीकृत नहीं हैं, भौगोलिक रूप से अलग-थलग आबादियाँ, साथ ही साथ मुफ्त पार्किंग, मतदाता को किसी स्थान तक पहुंचने के लिए जितना समय और दूरी तय करनी पड़ती है, विकलांग मतदाताओं के लिए वैकल्पिक मतदान पद्धति की आवश्यकता, यातायात के पैटर्न और कानून द्वारा स्थापित मतदान केंद्रों के अलावा मोबाइल वोट केंद्रों की आवश्यकता।

**सुरक्षित मतदान विकल्प**

San Mateo काउंटी इस चुनौतीपूर्ण समय में 3 नवम्बर 2020 को होने वाले राष्ट्रपति पद के आम चुनावों को सुरक्षित रूप से संपन्न करने के लिए तैयार है।

*मतदान केंद्र*

पंजीकरण एवं चुनाव प्रभाग ने प्रक्रियाओं और मार्च 2020 में मतदान केंद्रों के लिए संशोधन की योजना बनानी शुरू की, जो COVID-19 के मद्देनजर CDC और काउंटी के स्वास्थ्य मानकों का पालन करेगा।

इस चुनाव में हमारे पास45 मतदान केंद्र होंगे, जो सुविधाजनक रूप से पूरी काउंटी भर में फैले होंगे। मतदाता पसंद अधिनियम में बताए गए 14 कारकों के अलावा, प्रत्येक मतदाता और मतदाताओं और कर्मचारियों के बीच पर्याप्त शारीरिक दूरी सुनिश्चित करने के लिए पंजीकरण और चुनाव प्रभाग सर्वश्रेष्ठ मतदान केंद्र स्थानों की पहचान करने के लिए उपयोग करता है, और केंद्र के समावेशी लोकतंत्र के मतदान स्थल स्थापित करने वाले उपकरण का उपयोग करता है, मतदान केंद्रों का स्थान सुनिश्चित करने के लिए सर्वेक्षण किया गया है। सभी वोट केंद्र स्थान सुलभ हैं।

मतदाता केंद्र प्रतिनिधियों (VCRs) को ऑनलाइन प्रशिक्षण और व्यक्तिगत प्रशिक्षण दोनों (लोगों के बीच शारीरिक दूरी बनाने के लिए पुनर्निर्मित प्रशिक्षण कक्षों में) दिए जाएंगे। जहां VCRs की पूर्व में मुख्य भूमिका मतदाताओं को चेक-इन करवाना, मतदाताओं को मुद्रित मतपत्र या कार्ड प्रदान करना रहा है, ताकि वे मतपत्र मार्किंग उपकरणों का इस्तेमाल कर सकें, वहीं VCRs की ज़िम्मेदारियों में अब सफाई और रोगाणुनाशन आवश्यकताओं पर प्रशिक्षण प्राप्त करना भी शामिल हो गया है। VCRs को निजी सुरक्षात्मक उपकरणों (जैसे कि फेस मास्क और दस्ताने) के इस्तेमाल पर दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। मतदान केंद्र के कर्मचारियों को इन अतिरिक्त ज़िम्मेदारियों से परिचित कराया जाएगा।

सभी VCRs को विकलांगता शिष्टाचार और ग्राहक सेवा के लिए प्रशिक्षण प्राप्त है। हमारे विकलांगता के प्रति संवेदनशीलता जागरूकता प्रशिक्षण में निहित सिद्धांतों के अनुसार विनम्र होना और मदद की पेशकश करना, और मतदाता को आवश्यक समर्थन को स्पष्ट करने का अवसर प्रदान करना ज़रूरी है, उन्हें फेस कवरिंग पहनने से छूट दिये जाने के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया जाएगा ताकि फेस मास्क न पहनने वाले किसी भी व्यक्ति के मतदान करने के मौलिक अधिकार को अस्वीकार न किया जाए।

एक ऐसा मतदाता जिसने मास्क नहीं पहना है, उसे मतदान के लिए उपलब्ध सभी विकल्पों की पेशकश की जाएगी, जिसमें डाक द्वारा मतदान मतपत्र का टू-गो संस्करण जारी किया जाना शामिल है, RAVBM सिस्टम की सलाह देना, कागज़ी मतपत्र दिया जाना या एक मतदान केंद्र के बाहर बैलट मार्किंग स्टेशन सेट अप के बारे में बताया जाना शामिल है। VCRs को विकलांग मतदाताओं की गरिमा का सम्मान करते हुए सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जिससे मतदाता बिना किसी देरी के मतदान कर सकें।

मतदान केंद्र के कर्मचारियों को मतपत्रों की प्रतिकृति प्रतियों के उद्देश्य पर और किसी मतदाता द्वारा अनुरोध करने पर प्रतिकृति मतपत्र प्रदान करने के तरीकों पर प्रशिक्षण प्राप्त होता रहेगा। प्रशिक्षण में उन नई भाषाओं के बारे में जानकारी शामिल होगी जो मार्च के चुनाव से लेकर अब तक जोड़ी गईं हैं। काउंटी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषाओं में अनुवादित संदर्भ मतपत्रों के लिए संकेत-चिह्नों में तीन नई आवश्यक भाषाओं बर्मी, हिंदी और जापानी भाषा से अपडेट किया जाएगा।

चुनाव दिवस पर लंबी कतारों से बचने के लिए हम सभी मतदाताओं को जल्दी मत डालने का सुझाव देते हैं।

*डाक द्वारा मतदान (Vote by Mail)*

वर्ष 2018 में California मतदाता पसंद अधिनियम को लागू करने वाली पांच काउंटियों में से एक San Mateo काउंटी के पास अपने सभी पंजीकृत मतदाताओं को डाक द्वारा मतदान मतपत्र (Vote by Mail ballots) भेजने की व्यवस्था है। मतदाताओं के पास अपने-अपने मतपत्रों को डाक द्वारा भेजने, मतपत्र डालने के लिए आधिकारिक ड्रॉप-बॉक्स का इस्तेमाल करने या अपने मतपत्र को मतदान केंद्र पर ले जाने का विकल्प होता है। हमारे पास इस चुनाव में 39 मतपत्र ड्रॉप-बॉक्स स्थान हैं, जो प्राथमिक चुनाव से में 33 थे, जिससे मतदाताओं को अपने मतदान किए हुए मतपत्र वापस करने के लिए अधिक सुविधाजनक विकल्प हासिल होते हैं। ड्रॉप-बॉक्स के स्थान उसी 14 मतदाता पसंद अधिनियम के स्थल मानदंड के तहत चुने गये हैं जैसे कि मतदान केंद्र चुने गए।

*मतपत्र को प्रिंट करना*

पंजीकरण और चुनाव प्रभाग ने K&H चुनाव सेवाओं (K&H Election Services) के साथ काम किया है, जो 12 से अधिक वर्षों से देश के सबसे बड़े मतपत्र प्रिंटरों में से एक है और उनके साथ हम San Mateo काउंटी के पंजीकृत मतदाताओं को डाक से भेजे जाने के लिए 427,000 से अधिक मतपत्रों के उत्पादन की तैयारी कर रहे हैं।

*मतपत्र को डाक से भेजना*

प्रत्येक चुनाव से पहले, पंजीकरण और चुनाव विभाग संयुक्त राज्य अमेरिका की डाक सेवा (United States Postal Service-USPS) के कर्मचारियों के साथ बैठक करता है, ताकि अग्रिम रूप से तिथियों, अनुमानित मात्राओं एवं USPS द्वारा कार्यांवित किसी बदलावों की समीक्षा की जानकारी दी जा सके।

San Mateo काउंटी के USPS के साथ शानदार कार्यकारी संबंध है और पूरे चुनावी मौसम में मतपत्रों को समय पर भेजने और प्राप्त करने के लिए हम साथ मिलकर काम करते हैं।

मतदाता अपने मतपत्रों को सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की बैलाट्रिक्स सेवा (Bellatrix service) के जरिए ट्रैक कर सकते हैं। मतदाताओं को टेक्स्ट मैसेज, ईमेल और फ़ोन कॉल के जरिए 'डाक द्वारा मतदान' के आपके मतपत्रों के हरेक चरण पर स्वचालित अलर्ट्स प्राप्त हो सकते हैं, जिसके लिए आपको Wheresmyballot.sos.ca.gov पर "मेरा मतपत्र कहाँ है" को सब्सक्राइब करना होगा।

*प्रतिस्थापन मतपत्र*

भले ही मतदाता 27 अक्टूबर तक प्रतिस्थापन मतपत्रों को भेजे जाने के लिए अनुरोध कर सकते हैं या इस चुनाव के लिए किसी मतदान केंद्र पर जाकर इसे प्राप्त कर सकते हैं, ताकि प्रतीक्षा समय में कमी लाई जा सके, पर मतदाता किसी मतदान केंद्र जाने से पहले प्रतिस्थापन मतपत्र के पिकअप के लिए भी अनुरोध कर सकते हैं। मतदाता हमारी वेबसाइट www.smcvote.org पर अनुरोध प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं अथवा वे पिकअप से एक दिन पहले 650.312.5222 को कॉल/टेस्ट कर अनुरोध दर्ज़ कर सकते हैं और पिकअप करने के स्थान का चयन कर सकते हैं। जब उनका मतपत्र पिकअप करने के लिए तैयार हो जाता है, तो उन्हें स्थिति-विशेष के निर्देशों के साथ एक ईमेल प्राप्त होगा।

*डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान प्रणाली*

इस नवम्बर चुनाव के लिए, सभी मतदाता डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (AVBM) (Remote Accessible Vote by Mail-RAVBM) प्रणाली का इस्तेमाल कर इंटरनेट और प्रिंटर से लैस कंप्यूटर से अपने मतपत्र को सुरक्षित रूप से इस्तेमाल, चिह्नित और प्रिंट कर सकते हैं। यह सेवा विकलांग मतदाताओं के लिए स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से अपने मतपत्र प्राप्त करने और चिह्नित करने का एक मतदान विकल्प रहा है। इसने विदेशी मतदाताओं और सैन्य मतदाताओं को समय पर मतदान करने का एक तरीका प्रदान किया है। COVID-19 महामारी से निपटते हुए इस सेवा का विस्तार सभी मतदाताओं तक कर दिया गया है, ताकि उनके लिए मतदान करना ज्यादा से ज्यादा आसान और सुगम हो सके। चिह्नित मतपत्रों को डाक द्वारा या ड्रॉप बॉक्स के माध्यम से पंजीकरण और चुनाव प्रभाग में वापस भेजा जाना चाहिए; स्थानीय मतदाता ईमेल या फैक्स के माध्यम से अपने मतपत्र नहीं लौटा सकते।[5]

*मतपत्र ड्रॉप बॉक्स*

5 अक्तूबर से, मतदाता के पास मतपत्र डालने के 39 ड्रॉप बॉक्स होंगे, जो सुविधाजनक रूप से पूरी काउंटी भर में फैले होंगे। मतपत्र डालने के लिए उनत्तीस ड्रॉप बॉक्स की लोकेशन आउटडोर हैं, जहां उनका आप 24/7 इस्तेमाल कर सकते हैं। प्रत्येक बॉक्स सुरक्षित है, जिसके इंडोर ड्रॉप बॉक्स में सुरक्षा लॉक और फास्टनिंग केबल्स लगे होते हैं और आउटडोर बॉक्स स्टील से निर्मित होते है और कंक्रीट में जमे होते हैं। सभी मतपत्र ड्रॉप-बॉक्स और उनके स्थान विकलांग मतदाताओं के लिए शारीरिक रूप से सुलभ हैं।

दो व्यक्तियों की टीमें प्रत्येक ड्रॉप बॉक्स को हफ्ते में दो बार 5 अक्तूबर और 25 अक्तूबर के बीच और 26 अक्तूबर से 1 नवंबर के बीच हफ्ते में तीन बार और 2 नवंबर और चुनाव के दिन कम से कम दिन में एक बार खाली करेंगी। एकत्रित मतपत्रों को प्रसंस्करण और सुरक्षित भंडारण के लिए पंजीकरण और चुनाव प्रभाग में लौटा दिया जाता है।

*कर्बसाइड ड्रॉप-ऑफ और ड्राइव-थ्रू वोटिंग*

सभी 45 वोट केंद्रों में मतदाताओं से उनकी कारों में मुहरबंद मतपत्र लिफाफे स्वीकार करने के लिए स्वयंसेवकों और कर्मचारी उपलब्ध होंगे। कर्बसाइड ड्रॉप-ऑफ मतदाताओं को ड्रॉप बॉक्स का दरवाजा खोलने की तुलना में अधिक तेजी से अपने मतपत्र को छोड़ने की अनुमति देता है। यह लोगों को चलने में कठिनाई या अन्य शारीरिक सीमाओं वाले लोगों के लिए एक अन्य विकल्प प्रदान करता है, ताकि वे आधिकारिक ड्रॉप बॉक्स में अपना मतपत्र छोड़ सकें।

San Mateo काउंटी इवेंट सेंटर में, मतदाताओं के लिए अपनी कारों से एक कागज़ी मतपत्र प्राप्त करने का विकल्प भी होगा।

कर्बसाइड ड्रॉप-ऑफ और ड्राइव-थ्रू मतदान, संवेदनशील समूहों के मतदाताओं को COVID-19 के संभावित जोखिम से बचने की अनुमति देता है।

टीमें COVID-19 संबंधी सावधानियों का पालन करेंगी, जैसे कि एक दूसरे से छह फुट की दूरी बनाए रखना, फेस मास्क पहनना और ड्राइवरों से लिफाफे प्राप्त करने के लिए दस्तानों का उपयोग करना। स्वयंसेवकों और कर्मचारियों को मौसम से बचाने के लिए कैनोपीज़ लगाई जाएंगी। A-फ्रेम्स उस मार्ग को निरूपित करेंगे जिसका ड्राइवरों

[5] सैन्य और विदेशों में रहने वाले मतदाताओं को अतिरिक्त मतपत्र वापसी विकल्पों के लिए संघीय मतदान सहायता कार्यक्रम को देखना चाहिए।

को कर्बसाइड ड्रॉप-ऑफ या ड्राइव-थ्रू वोटिंग के लिए पालन करना चाहिए और मतदाताओं को यह याद दिलाएंगे कि वे चुनाव कर्मचारियों से बात करते समय फेस मास्क पहनें।

*मतपत्र की गणना*

पंजीकरण और चुनाव प्रभाग के पास वह स्टाफ और तकनीक मौजूद है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतपत्र सही और प्रभावशाली तरीके से गिने जाते हैं। इस प्रभाग ने 2019 में अपनी गणना प्रणाली में बदलाव किया और कर्मचारियों के पास 5 नवम्बर 2019 को समेकित नगर निकाय, स्कूल और विशेष डिस्ट्रिक्ट चुनाव में और 3 मार्च 2020 को राष्ट्रपति पद के प्राथमिक चुनावों में नए उपकरण के इस्तेमाल का मौका मिला था। यह नया उपकरण प्रति घंटा डाक द्वारा मतदान के 50,000 मतपत्रों को संसाधित करने देता है।

**मतदाता शिक्षा एवं आउटरीच**

एक महामारी के दौरान हुआ चुनाव केवल तभी सफल हो सकता है जब मतदाता अपने मतदान विकल्पों और अधिकारों के बारे में जानते हों, और वे आश्वस्त हों कि मतदान सुरक्षित, संरक्षित और बाधाओं के बिना है।

प्रभावी शिक्षा और प्रसार तभी हासिल होता है, जब जानकारी एक "भरोसेमंद संदेशवाहक" द्वारा की पहुंचाई जाएगी। अध्ययनों से पता चलता है कि सरकारी एजेंसियाँ, सामुदायिक संगठन, गैर-सरकारी संगठन और सलाहकार समितियां चुनावी मामलों में विश्वसनीय दूतों के रूप में काम करती हैं, यही वजह है कि हम मतदाताओं से जुड़ने के लिए अपने सहयोगी नेटवर्क को जारी रखेंगे।

*मतदाता कार्यशालाएँ*

COVID-19 के कारण पंजीकरण एवं चुनाव प्रभाग वास्तविक कार्यशालाओं के स्थान पर सामुदायिक साझेदारों के साथ ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन करेगा।

सितम्बर और अक्तूबर 2020 में होने वाली कार्यशालाओं में भाषा समितियों और विकलांग मतदाताओं को 3 नवम्बर 2020 के राष्ट्रपति पद के आम चुनावों के मतदान में होने वाले परिवर्तनों की सूचना दी जाएगी। इस प्रकाशन के समय योजना बनाया जाना अभी जारी है।

*मतदाताओं तक पहुंचने के लिए टेक्स्ट मैसेज*

सामुदायिक कार्यक्रमों के अभाव में, पंजीकरण एवं चुनाव प्रभाग लगभग 15,000 युवा मतदाताओं और क्षेत्र के उन निवासियों को टेक्स्ट मैसेज भेजेगा, जो मतदान करने के लिए पात्र तो हैं पर वे पंजीकृत नहीं हैं और अक्रिय मतदाता हैं।

यह प्रभाग अपने डेटाबेस में दर्ज युवा मतदाताओं, पहली बात मतदान करने वाले मतदाताओं और अक्रिय मतदाताओं को मोबाइल फ़ोन नम्बरों के साथ राजनैतिक डेटा के डेटाबेस से परस्पर-संदर्भ लेगा। युवा मतदाताओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए तीन टेक्स्ट मैसेज भेजे जाएंगे। ये मैसेज टेस्क्टसर्ज (TextSurge) के लिए काम करने वाले व्यक्तियों को भेजे जाएंगे।

टेक्स्टसर्ज (TextSurge) हमारे कम पंजीकरण/मतदान संख्या वाले इलाकों में, (Daly City, East Palo Alto और अनिगमित क्षेत्रों) अठारह वर्ष से अधिक आयु के काउंटी निवासियों से संपर्क करने के लिए जानकारी हासिल करेगा ताकि मतदान करने के लिए पंजीकरण करने से जुड़ी जानकारी प्रदान की जा सके। प्रभाग व्यक्ति को इस समय मतदान करने के लिए पंजीकृत नहीं होने की पुष्टि करने के लिए टेक्स्टसर्ज (TextSurge) द्वारा प्राप्त की गई नामों और अन्य पहचान जानकारी को अपने डेटाबेस के साथ परस्पर संदर्भ करेगा।

अंत में, प्रभाग समान निम्न पंजीकरण/मतदान वाले इलाकों में अक्रिय मतदाताओं को उनके मोबाइल नम्बरों के साथ राजनैतिक डेटा में दर्ज करेगा, ताकि उन्हें सूचित किया जा सके कि उन्हें तब तक San Mateo काउंटी से मेल में मतपत्र नहीं मिलेंगे, जब तक कि वे प्रभाग से संपर्क नहीं कर लेते हैं कि वे स्थानांतरित नहीं हुए हैं या मतदान के लिए फिर से पंजीकरण करते हैं।

*औसत पंजीकरण से कम वाले पोस्टकार्ड लक्षित क्षेत्र*

सामुदायिक कार्यक्रमों की कमी के कारण टेक्स्ट मैसेज न पाने वाले संभावित मतदाताओं के अलावा, पंजीकरण और चुनाव प्रभाग लगभग 100,000 घरों को एक पत्र-आकार का पोस्टकार्ड भेजेगा जिसमें चार भाषाओं में पंजीकरण सूचना शामिल रहेगी। ये पोस्टकार्ड Daly City, East Palo Alto, Menlo Park, Redwood City, San Bruno, South San Francisco और अनिगमित क्षेत्रों के हिस्सों में USPS प्रत्येक दरवाजा प्रत्यक्ष मेल (USPS Every Door Direct Mail) के जरिए भेजे जाएंगे।

**चुनाव प्रशासनिक योजना 2020 – 2024 परिशिष्ट में किए गये बदलावों का सार**

*प्रस्तावित मतदान केंद्र स्थितियाँ*

चुनाव प्रभाग 3 मार्च 2020 के दौरान खुले 42 मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि करेगा, जिसे 3 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के प्राथमिक चुनाव के लिए बढ़ाकर 45 कर दिया जाएगा।

चुनाव दिवस से 11 दिन पहले कोई भी मतदान केंद्र नहीं खुला होगा।

तीन नए मतदान केंद्र स्थितियों के अलावा, शारीरिक दूरी बनाए रखने और एकतरफा ट्रैफिक पैटर्न बनाने के लिए कई स्थानों में बदलाव किए गए हैं। नए मतदान केंद्र पिछले मानदंडों के समान ही चयन मानदंडों, कैलिफोर्निया के मतदाता विकल्प अधिनियम (VCA) में स्थापित 14 चयन मानदंडों, सामुदायिक इनपुट और समावेशी लोकतंत्र के मतदान स्थान तलाश उपकरण के केंद्र का उपयोग करके ही चुने गये थे।

दो स्व-निहित मोबाइल मतदान केंद्रों का अधिग्रहण करने की योजना अस्थायी तौर पर टाल दी गई है। एक पोर्टेबल इमारत, पहुंचनीयता के लिए रैंप, को इन स्व-निहित मोबाइल मतदान केंद्रों में से एक के स्थान पर लीज़ पर लिया गया था। मोबाइल मतदान केंद्र की मेजबानी के लिए स्थान VCA, सामुदायिक इनपुट और समावेशी लोकतंत्र के मतदान स्थान तलाश उपकरण के केंद्र के उपयोग के मानदंडों के आधार पर चुने गए थे।

*मतपत्र ड्रॉप बॉक्स के स्थान*

हमने मार्च में नौ से बढ़ाकर नवंबर के लिए 29 आउटडोर 24/7 स्थानों की स्थापना की है। स्थानों का चयन पिछले मानदंडों, कैलिफोर्निया के मतदाता विकल्प अधिनियम और सामुदायिक इनपुट में 14 चयन मानदंडों के समान ही किया गया था। ड्रॉप बॉक्स स्थान सुरक्षित हैं, विकलांग लोगों के लिए सुलभ हैं और जितना संभव है, उतना सार्वजनिक परिवहन मार्गों के पास स्थित हैं।

*मतदान केंद्र का लेआउट*

सामाजिक दूरी प्रदान करने के लिए बड़े कमरों के इस्तेमाल के लिए और जहां संभव हो एकतरफा ट्रैफिक प्रवाह की व्यवस्था करने के लिए नए नमूने का विकास किया गया है।

*सामुदायिक भागीदार*

हमें अपने सामुदायिक भागीदार अनुभाग में तीन अतिरिक्त समुदाय आधारित संगठन पर खुशी है।

*सामूहिक कार्यक्रमों का कैलेंडर*

3 मार्च के चुनाव के बाद COVID-19 के मद्देनजर सभी वास्तविक सार्वजनिक मौजूदगी वाले कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया था। वर्तमान में पांच वर्चुअल कार्यक्रमों को तय किया गया है।

*मीडिया पार्टनर*

सात मीडिया पार्टनर को जोड़ा गया है।

*उदाहरण: प्रत्यक्ष मतदाता संपर्क*

पोस्टकार्ड 1 में मतदान केंद्र की तारीखों, खुले होने की संख्या और मतदाताओं की अपेक्षा के अनुसार आने वाले घंटों की तालिका शामिल थी। सभी मतदाताओं के लिए COVID-19 की तैयारी और RAVBM प्रणाली की उपलब्धता संबंधी जानकारी जोड़ी गई थी।

पोस्टकार्ड 1 और 3 में COVID-19 की तैयारी और सभी मतदाताओं के लिए डाक द्वारा दूरस्थ पहुंच योग्य मतदान (RAVBM) की उपलब्धता से जुड़ी जानकारी भी शामिल की गई थी।

**सार्वजनिक टिप्पणियाँ**

*सार्वजनिक समीक्षा अवधि के दौरान प्राप्त सभी टिप्पणियां पंजीकरण और चुनाव प्रभाग की प्रतिक्रियाओं के साथ नीचे प्रकाशित की गईं हैं।*

---

29 सितंबर, 2020
इलेक्ट्रॉनिक मेल

प्रिय श्री चर्च:
हम San Mateo काउंटी के चुनाव प्रशासन योजना (EAP) परिशिष्ट पर टिप्पणी प्रस्तुत करने के अवसर की सराहना करते हैं, जो COVID-19 से संबंधित परिवर्तनों को संबोधित करता है। विकलांगता अधिकार कैलिफ़ोर्निया (DRC) विकलांग लोगों के लिए कैलिफ़ोर्निया की सुरक्षा और वकालत प्रणाली है और इसे विशेष रूप से "मतदान के लिए पंजीकरण करने, मतपत्र को चिन्हांकित करने और मतदान स्थानों तक पहुँचने सहित विकलांग व्यक्तियों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में पूर्ण भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रभारित किया गया है।" (42 U.S.C. § 15461 देखें।)

**मतदान केंद्रों और ड्रॉप-बॉक्स पर टिप्पणियाँ:**

**<u>मतदान केंद्रों और "पॉप-अप" मतदान केंद्र प्रतिस्थापन और पहुंचनीयता</u>**

San Mateo काउंटी के EAP सप्लीमेंट में कहा गया है कि "कई [मतदान केंद्र] स्थान शारीरिक दूरी को बनाए रखने और एक तरफ़ा ट्रैफ़िक पैटर्न बनाने" की अनुमति देने के लिए बदले गये हैं और कि "[मतदान केंद्र] स्थान जो पहले इस्तेमाल किए गए स्थान की सामान्य निकटता के भीतर बने रहने के उद्देश्य से परिवर्तित किये गये हैं।" (p. 6) हालांकि हम महामारी के दौरान मतदान केंद्रों की पहचान करने में कठिनाई को समझते हैं, मतदाता विकल्प अधिनियम (VCA) के अनुसार अभी भी आवश्यक है कि आप मतदान केंद्रों को प्रतिस्थापित करने से पहले धारा 4005(a)(10)(B) के तहत आने वाले सभी 15 कारकों पर विचार करें। हालाँकि हमें पता है कि आप इन कारकों पर विचार कर रहे हैं, उनमें चर्चा नए स्थानों को "सामान्य निकटता के भीतर" के रूप में वर्णित किये जाने से अधिक होनी चाहिए। कृपया इन कारकों पर विचार किये जाने की अपनी क्षमता पर विचार करें—खास तौर पर "निकटता" कारक (उदाहरण के लिए, क्या स्थान विकलांग समुदाय के निकट स्थित है)। चुनाव कोड § 4005(a)(10)(B)(v) देखें।) वही दो नए "पॉप-अप" मतदान केंद्र स्थानों की आपकी चर्चा पर भी लागू होता है।

DRC सभी मतदान केंद्र और "पॉप-अप" मतदान केंद्र के स्थानों की भौतिक पहुंच की पुष्टि करने के लिए भी San Mateo काउंटी को प्रोत्साहित करता है। चुनाव कोड §§ 1604, 4005(a)(4)(C) देखें।) हमें लगता है कि यह समझाने के लिए सबसे अच्छा अभ्यास है कि सभी मतदान केंद्र स्थान चुनाव योजना दस्तावेज़ों में सुलभ हैं।

**<u>ड्रॉप-बॉक्स पहुंच और नए स्थान</u>**

जैसा कि मतदान केंद्रों के साथ है, VCA के अनुसार आवश्यक है कि मतपत्र ड्रॉप-बॉक्स (और उनके स्थान) विकलांग मतदाताओं के लिए शारीरिक रूप से सुलभ हों। चुनाव कोड § 4005(a)(1)(B) देखें।) DRC San Mateo काउंटी से इस तथ्य को अपने EAP अनुपूरक में शामिल करने का आग्रह करता है। यह विकलांग मतदाताओं को आश्वस्त करेगा कि वे San Mateo काउंटी के सभी ड्रॉप-बॉक्स स्थानों का उपयोग कर पाएंगे।

DRC San Mateo काउंटी से तीन नए ड्रॉप-बॉक्स स्थानों में से प्रत्येक के लिए VCA की धारा 4005(a)(10)(B) (विशेष रूप से "निकटता") कारकों के तहत सूचीबद्ध 15 कारकों के अपने विचार की पुष्टि करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**<u>कर्बसाइड मतदान</u>**

San Mateo काउंटी के EAP अनुपूरक में कर्बसाइड मतदान पर विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। कर्बसाइड मतदान मतदाताओं के लिए एक महत्वपूर्ण समायोजन है, जिन्हें शारीरिक रूप से मतदान केंद्रों (यहां तक कि जो सुलभ हैं) तक पहुंचने में कठिनाई हो सकती है। यह चुनाव, कर्बसाइड मतदान संवेदनशील समूहों के मतदाताओं को COVID-19 के संभावित जोखिम से बचने की अनुमति देता है। हम यह भी सोचते हैं कि San Mateo काउंटी के लिए अपनी चुनाव वेबसाइट पर कर्बसाइड मतदान पर चर्चा करना सर्वोत्तम अभ्यास है।

अंत में, कृपया कोई भी COVID-19 सावधानियों के नोटिस को शामिल करें (जैसे, कर्मी कर्बसाइड मतदाताओं के लिए सैनिटाइजर और कीटाणुरहित उपकरण लाएंगे) जो कि कर्वसाइड मतदान के प्रावधान को प्रभावित करेंगे।

**सामान्य टिप्पणियाँ:**

**<u>सभी व्यक्तिगत रूप से मतदान करने वाले मतदाताओं के बिना किसी देरी के मतदान करने को सक्षम बनाना</u>**

EAP अनुपूरक में कहा गया है कि "[मतदानकर्मियों को] [[कैलिफोर्निया के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग (CDPH) फेस कवरिंग मार्गदर्शन के लिए छूटों के बारे में अवगत कराया जाएगा] ताकि किसी को भी फेस कवरिंग पहने बिना वोट देने के मौलिक अधिकार से वंचित न किया जाए ***"यदि वह व्यक्ति मार्गदर्शन का अनुपालन कर रहा हो।"*** (प. 3 (जोर दिया गया)) फिर भी राज्य के सचिव (SOS) के हाल ही के CC/ROV ("COVID-19 के तहत चुनाव प्रशासन मार्गदर्शन") से स्पष्ट है कि मतदानकर्मियों को "फेस कवरिंग के बिना वाले मतदाता को किसी भी तरह से विलंबित नहीं करना चाहिए" - और इसी तरह कि ***"मतदानकर्मियों को फेस कवरिंग न पहनने वाले मतदाता को वापस नहीं भेजना चाहिए।"*** pp. 9, 20 पर CC/ROV मेमोरेंडम नंबर 20154 (21 जुलाई, 2020) देखें (जोर दिया गया)।

इस प्रकार, यहां तक कि वे मतदाता जो CDPH के मार्गदर्शन में छूट के लिए अर्हता प्राप्त नहीं करते हैं, उन्हें अनुचित रूप से विलंबित नहीं किया जा सकता है या San Mateo काउंटी के मतदानकर्मियों द्वारा मतदान किये जाने से मना नहीं किया जा सकता जब तक कि वे मतदाता व्यक्तिगत रूप से मतदान करने के लिए आये हैं। कृपया SOS के मार्गदर्शन में इन महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्रतिबिंबित करने के लिए अपने EAP अनुपूरक में भाषा को स्पष्ट करें।

**<u>सभी विकलांग मतदाताओं के साथ आदर और सम्मान का व्यवहार करना</u>**

EAP अनुपूरक कहता है कि *"एक ऐसा मतदाता जो फेस मास्क नहीं पहन सकता/ती है, उसे बाहर मतदान करने के लिए कहा जाना चाहिए या अन्य मतदाताओं के चले जाने तक इंतज़ार करने के लिए कहा जाना चाहिए ताकि उस व्यक्ति और अन्य मतदाताओं के बीच अतिरिक्त दूरी बनाई जा सके।"* (p. 3) कृपया पुष्टि करें कि इस मार्गदर्शन को लागू करने वाले मतदानकर्मियों को विकलांग मतदाताओं की सेवा करते समय पूरी तरह से विकलांगता शिष्टाचार के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा-इनमें वे लोग शामिल हैं जो फेस कवरिंग नहीं पहन सकते हैं। मतदानकर्मी विकलांग मतदाताओं की गरिमा का सम्मान करते हुए सार्वजनिक सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकते हैं (उदाहरण के लिए, फेस कवरिंग पहनने में असमर्थ लोगों के साथ "अलग व्यवहार" न करना, जबकि उन मतदाताओं को अनुचित देरी किये बिना मतदान करने की अनुमति देना।

समुदाय और बाहरी इनपुट के प्रति उत्तरदायी होने की आपकी इच्छा के लिए धन्यवाद। हम आपके और आपके कर्मचारियों के साथ संचार की खुली लाइन की सराहना करते हैं। कृपया किसी भी समय प्रश्नों या टिप्पणी के लिए हमसे संपर्क करें।

निष्ठापूर्वक,

फ्रेड निसेन
मतदान संबंधी अधिकारों के लिए पर्यवेक्षक अटॉर्नी
मतदान संबंधी अधिकार अभ्यास समूह

जेसन एच. कोनर
मतदान संबंधी अधिकारों के लिए स्टाफ अटॉर्नी
मतदान संबंधी अधिकार अभ्यास समूह

पॉल आर. स्पेंसर
मतदान संबंधी अधिकारों के लिए स्टाफ अटॉर्नी
मतदान संबंधी अधिकार अभ्यास समूह

---

**पंजीकरण और चुनाव प्रभाग का उत्तर**

प्रिय श्रीमान निसेन, श्रीमान स्पेंसर और श्रीमान कोनर:

जनवरी 2020 से 3 नवंबर, 2020 चुनाव के लिए जनवरी 2020 अनुपूरक के लिए हमारी चुनाव प्रशासन योजना के लिए आपकी टिप्पणियों और सुझावों के लिए धन्यवाद। पंजीकरण और चुनाव प्रभाग कैलिफोर्निया में विकलांग लोगों के अधिकारों की सुरक्षा और विकलांग लोगों के अधिकारों की वकालत करने में आपकी विशेषज्ञता का सम्मान करता है, और हम एक भागीदार के रूप में आप पर भरोसा करते हैं, आप हमें अपनी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं कि हम हमारे समुदाय में विकलांग व्यक्तियों की बेहतर सेवा कैसे कर सकते हैं।

आप सही हैं, हमारे मतदान केंद्र, मोबाइल मतदान केंद्र, पॉप-अप मतदान केंद्र और ड्रॉप बॉक्स स्थानों को हमेशा मतदाता पसंद अधिनियम और साथ ही सामुदायिक इनपुट के मानदंडों के बाद चुना जाता है। हमने इस पूरक में यह जानकारी जोड़ी है। हमने यह भी जोड़ा है कि सभी मतदान स्थल, ड्रॉप बॉक्स और उनके स्थान सुलभ हैं।

हमने इस पूरक को हमारे चुनाव प्रशासन योजना के साथ संयोजन के रूप में उपयोग किए जाने वाले दस्तावेज़ के रूप में देखा। रेट्रोस्पेक्ट में, हम आपसे सहमत हैं कि हर चुनाव नियोजन दस्तावेज़ में इस जानकारी को शामिल किया जाना सर्वोत्तम अभ्यास है। हम उन मानदंडों को बताने में गर्व महसूस करते हैं जो हमारे मतदान स्थलों का चयन करने के लिए किये जाते हैं और यह बताते हुए कि सभी स्थान सुलभ हैं। इस दस्तावेज़ में यह सर्वोत्तम अभ्यास प्रदान करने के लिए धन्यवाद। हम इसे भविष्य के दस्तावेज़ों में शामिल करेंगे।

हमने मूल रूप से पूरक में कर्बसाइड मतदान पर चर्चा नहीं की थी क्योंकि हमने इसे जनवरी 2020 से जनवरी 2024 के लिए अपनी चुनाव प्रशासन योजना में शामिल किया था। COVID वातावरण में कर्बसाइड मतदान करने के लिए आवश्यक परिवर्तनों को विस्तार से बताने की आवश्यकता के लिए धन्यवाद। हमने पूरक के साथ-साथ हमारी वेबसाइट में भी जानकारी जोड़ी है।

आपकी सलाह पर, हमने कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ के फेस कवरिंग गाइडेंस के संदर्भ को हटा दिया है। स्पष्ट होने के लिए, हम किसी ऐसे मतदाता को मना नहीं करेंगे जो फेस कवरिंग नहीं पहनेगा/गी, और फेस मास्क के बिना किसी मतदाता को अनावश्यक रूप से देरी का सामना नहीं करना पड़ेगा (प्रति CCROV ज्ञापन # 20154)।

सभी मतदान केंद्र प्रतिनिधियों को विकलांगता संवेदनशीलता में प्रशिक्षित किया जाता है। सभी मतदाताओं के साथ गरिमा और सम्मान भरा व्यवहार किया जाना पंजीकरण और चुनाव प्रभाग के लिए सर्वोपरि है। सभी मतदाताओं के साथ समान रूप से गरिमा और सम्मान भरा व्यवहार करना हमारा लक्ष्य है।